<u>श्री नरेन्द्र भगत, सभापति, नेतरहाट विद्यालय समिति की कार्यकारिणी समिति की अध्यक्षता में 'समिति' की रांची में सम्पन्न विशेष बैठक दिनांक 20.06.2014 की कार्यवाही :-</u>

उपस्थिति - संलग्न है।

सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गये -

<u>मद सं० 1:</u> नेतरहाट विद्यालय के आगामी शैक्षणिक सत्रः 2015-16 से केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (Central Board of Secondary Education-CBSE), नई दिल्ली से संबद्धन विषयक निहित आवेदन पत्र के निर्धारित अंतिम तिथि (30 जून, 2014) पूर्व समर्पण से संबंधित प्रगति की समीक्षा; तथा, समयाधीन अपेक्षित कार्रवाई पूर्ण किए जाने हेतु विचार-विमर्श।

विद्यायल प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत विहित प्रपत्र में बिन्दुवार अंकित सूचनाओं की समीक्षा की गई तथा तत्संम्बधित प्रगति को संतोषप्रद पाया गया। समिति का प्राचार्य को इस आशय का निदेश हुआ कि CBSE को भेजे जाने वाले आवेदन पत्र के साथ एक cover letter भी तैयार कर ले जिसमें विद्यालय से संबंधित आत्मभारित मुख्य-मुख्य मूल बातों का उल्लेख हो। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाय कि उक्त आवेदन पत्र, Online सहित, स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 24/25 जून 2014 तक प्रेषित/समर्पित कर दिया जाय।

<u>मद सं० 2:</u> नेतरहाट विद्यालय तथा नेतरहाट विद्यालय समिति के वित्तीय वर्ष : 2010-11, 2011-12,2012-13 तथा 2013-14 (चार वर्ष) के वर्षवार अंकेक्षण प्रतिवेदन की स्वीकृति पर विचार व निर्णय।

विद्यालय प्राचार्य द्वारा विगत दिनो नियुक्त अंकेक्षक-श्री मनोज मारू, चार्टर्ड एकान्टेन्ट, रांची द्वारा तैयार किये गये अंकेक्षक प्रतिवेदन-यथा उपर्युक्त विगत चार वर्षो के समिति के समक्ष प्रस्तुत किये गये। समिति द्वारा पृच्छित कुछ बिन्दुओं के अंकेक्षक श्री मारू द्वारा समाधान किये गये तथा संगोपांग विचारोपरान्त समिति द्वारा उपर्युक्त चार वर्षो के अंकेक्षण प्रतिवेदन अनुमोदन किये गये।

<u>मद सं० 3:</u> नेतरहाट विद्यालय परिसर स्थित Chalet (शैले) तथा आउट हाऊस के Restoration तथा Renovation इत्यादि, विशेषज्ञ वास्तुविद के परामर्श तथा देख-रेख में कराये जाने विषयक Project को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेट (CCL), रांची के CSR (Corporate Social Responsibility) कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 में सम्मिलित कराये जाने के प्रस्ताव पर विचार व विमर्श।

शैले के, यथा उपर्युक्त जीर्णोद्धार, विशेषज्ञ वास्तुविद के परामर्श तथा देख–रेख में कराये जाने के प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई। इस बिन्दु को दृष्टिपथ में रखते हुए कि 'समिति' की सम्प्रति वित्तीय संशाधन की अत्यधिक सीमितता है, तत्संबन्धी प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन हेतु रांची स्थित भारत सरकार के उपक्रम सेन्ट्रल कोलफील्ड लमिटेड से उनके CSR कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014–15 में शैले के जीर्णोद्धार कार्य विषयक प्रोजेक्ट को सम्मिलित किए जाने का अनुरोध किया जाय। इस हेतु समिति ने सभापित को अपने स्तर से पहल एवं CCL, रांची से संपर्क किये जाने हेतु अधिकृत किया।

<u>मद सं० 4:</u> प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय–सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति से कतिपय प्रशासनिक पहलुओं पर विचार–विमर्श व निर्णय।

विगत महीनों में प्रायः समिति के स्तर पर लिए गए प्रशासनिक निर्णयों एवं कृत्यों एवं तदनुरूप विद्यालय प्राशासन द्वारा संचालित कृत्यों में कतिपय ताल–मेल तथा सामंजस्य में कमी पायी गई। विद्यालय प्राचार्य का ध्यान इस ओर आकृष्ट करते हुए उन्हें यह निदेश दिया गया की समिति के निर्णयों तथा गठित 'नियमावली' में प्रावधानों के अनुरूप विद्यालय प्रशासन तारतम्य स्थापित करते हुए कार्यसंचालन की पद्धति अपनाया जाना सुनिश्चित करें।

<u>अन्यान्य : 1.</u> पूर्ववर्ती छात्र, श्री अभय कुमार (बैच 1983–88) द्वारा नेतरहाट विद्यालय को फरवरी/मार्च,2014 में उपहार–स्वरूप 25 डेस्क टॉप नए LENOVO कम्प्यूटर तथा एक प्रिंटर के अधिष्ठापन पर उनके प्रति आभार अभिव्यक्त किया जाना तथा श्री कुमार को तद्नुसार धन्यवाद संसूचित किया जाना।

समिति ने पूर्ववर्ती छात्र श्री अभय कुमार द्वारा विद्यालय को उपहार स्वरूप उपलब्ध कराये गये उक्त कम्प्युटर तथा प्रिंटर को अत्यन्त उपयोगी तथा सामयिक बताया। इस हेतु 'समिति' द्वारा श्री कुमार को विद्यालय प्रशासन तथा अपनी ओर से धन्यवाद तथा आभार संसूचित किये जाने का निदेश विशेष कार्य पदाधिकारी को दिया गया।

2. नेतरहाट विद्यालय समिति–रांची व नेतरहाट नोबा सदस्यों की विद्यालय के हीरक जयंती समारोह विषयक समन्वय बैठक की तिथि का निर्धारण।

उपर्युक्त समन्वय बैठक दिनांक 11 अप्रैल 2014 के क्रम में इसकी आगामी बैठक 11 जूलाई 2014, पूर्वाह्न में 11 बजे रांची स्थित समिति कार्यालय में आहूत किये जाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में रांची–नेतरहाट नोबा इकाईयों के अतिरिक्त देश/विदेश के अन्य

स्थानों (यथा, दिल्ली, मुम्बई, बंगलूरू, पटना, वारानणी इत्यादि) की नोबा इकाईयों की प्रतिनिधि भी भाग ले सकेंगे, इस आशय का संसूचन Online से किये जाने का निर्णय लिया गया।

3. आश्रमों का मरम्मत कार्य करवाने के सम्बन्ध में विमर्श।

विद्यालय प्राचार्य द्वारा समिति का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया गया कि आश्रमों एवं अन्य भवनों के जीर्णोद्धार संबंधि मूल प्रस्ताव से संबंधित प्रशासनिक स्वीकृति के मामले अब तक प्रशासी विभाग में प्रक्रियारत है। इस बीच उन प्रस्तावों में निहित कई एक लघु मरम्मति के कार्य भी लम्बित रहने के कारण स्थिति अत्यन्त दयनीय सी है। इन मरम्मत कार्यो को इस वर्षाकालीन अवकाश अवधि के दौरान न कराये जाने पर आश्रमों में बच्चों को अनावश्यक असुविध होगी, ऐसा प्राचार्य द्वारा इंगित किया गया। निर्णय हुआ कि विद्यालय कोष में उपलब्ध राशि से वर्णित लघु मरम्मति के कार्य शीघ्र सम्पन्न करा लिये जायं।

4. नेतरहाट विद्यालय विकास कोष के संधारण प्रक्रिया में कतिपय संशोधन पर विचार।

विद्यालय द्वारा स्टेट बैक ऑफ इंडिया, नेतरहाट में **'नेतरहाट विद्यालय विकास कोष'** संधारित है। विद्यालय प्राचार्य के हस्ताक्षर से इस खाते का संचालन किया जा रहा है। इस 'कोष' में हीरक जयंती वर्ष में और अत्यधिक सक्रियता संभावित है, अतएव यह निर्णय हुआ कि तत्संम्बधित राशि के समुचित संधारण हेतु तथा चेक आदि के हस्ताक्षरार्थ विद्यालय प्राचार्य के अतिरिक्त विद्यालय कोषपाल (Bursar) तथा प्रशासी पदाधिकारी (Administrative officer) संलग्न रहेंगे। तदनुसार, विद्यालय प्राचार्य संबंधित बैंक मैनेजर को अपने स्तर से, इस निर्णय का अवतरण भेजते हुए अनुरोध पत्र शीघ्र भेज देंगे।

5. हीरक जयन्ती वर्ष समारोह 2014 के अवसर पर, विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण के सम्बन्ध में विमर्श।

विद्यालय के हीरक जयंती वर्ष पर विद्यालय परिसर मे लगभग एक हजार पौधे लगाये जाने का निर्णय लिया गया। यह कार्य वर्तमान वर्षाकालीन अवधि के दौरान, विद्यालय के अवकाश उपरान्त पुनः खुलने पर, यथासंभव 9–15 अगस्त, 2014 के दौरान संपन्न किया जाय। इस हेतु झारखण्ड के वन एवं पर्यावरण विभाग को लिखित पत्र द्वारा अनुरोध किये जाने हेतु (सभापति) को अधिकृत किया गया। साथ ही प्राचार्य को यह निदेश दिया गया कि प्रस्तावित वृक्षारोपण हेतु विद्यालय परिसर के विभिन्न स्थलों के चयन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर ले।

6. नेतरहाट स्थित बंगला संख्या -4 के भवन निर्माण विभाग द्वारा नेतरहाट विद्यालय समिति को विगत 11 जून, 2014 को हस्तान्तरण पर आभार की अभिव्यक्ति।

वर्णित हस्तान्तरण के क्रम में किये गये पहल, प्रयास तथा महती भूमिका निर्वहन हेतु समिति द्वारा भवन निर्माण विभाग के प्रधान सचिव (श्रीमती राजबाला वर्मा) के प्रति हार्दिक धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

23.6.2014

(नरेन्द्र भगत)
सभापति
कार्यकारिणी समिति
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट विद्यालय समिति

कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक 20.06.2014 को आहूत बैठक में उपस्थिति :–

उपस्थिति :–

क्र०	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1.	श्री नरेन्द्र भगत, भा०प्र०से० (सेवा निवृत्त)	अग्रवाल नर्सिंग होम के सामने बरियातू रोड, राँची	सभापति	N Bhagat 20.6.2014
2.	श्री ज्योति भ्रमर, तुबिद, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	
3.	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	—
4.	श्री जे.बी. लकड़ा ~~श्री प्रवीण टोप्पो,~~ भा०प्र०से०	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	20/6/2014
5.	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी० 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	
6.	डा० अमलेन्दु शेखर मित्र	मातृछाया, दिव्यायन के दक्षिण, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	20/6/2014
7.	अरुण कुमार सिंह 34 सचिव वित्त विभाग	वित्त विभाग के प्रतिनिधि वित्त सचिव द्वारा मनोनीत	सदस्य	20/06/2014
8.	श्री बिमलांशु शेखर मल्लिक	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य सचिव	Bimalanshu S. Mallik

9 श्री मनोज मारू | चार्टर्ड एकान्टेन्ट | विशेष आमंत्रित | 20/6/14